# काश! इनके सिर पर हेलमेट होता तो बच जाती जान



**हिसार।** काश! हेलमेट पहना होता तो दो युवकों की जान बच सकती थी, लेकिन छोटी सी लापरवाही जिंदगी पर भारी पड़ गई। मंगलवार की रात को कैंप चौक के पास एक बिजली के ट्रांसफार्मर से बुलेट मोटरसाइकिल टकराने से दो विद्यार्थियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र सिरसा के खेड़ी गांव निवासी 22 वर्षीय समीर सहारण व लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छात्र राजस्थान के बहरोड निवासी 22 वर्षीय कौशल दीप के रूप में हुई है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राथमिक जांच के आधार पर पुलिस ने बताया कि समीर अपने दोस्त कौशल दीप के साथ मंगलवार रात को अपने किसी दूसरे साथी की बुलेट बाइक लेकर हकृवि हॉस्टल से निकला था। बताया जा रहा है कि समीर के पंजाब की एलपीयू यूनिवर्सिटी से भी कुछ दोस्त आए हुए थे। वे दूसरी कार में थे। समीर और कौशलदीप दोनों बाइक पर कैंप चौक की तरफ आ रहे थे। बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रांसफार्मर के पोल से जा टकराई। हादसे के बाद दोनों को को राहगीरों ने नागरिक अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उनको मृत घोषित कर दिया। दोनों हेलमेट नहीं पहने थे। उनकी जान सिर में लगी चोटों की वजह से हुई है।

**एमबीए कर रहा था समीर**

पुलिस के अनुसार समीर सहारण एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। वह परिवार में इकलौता बेटा था और उसकी एक बहन है जो कि गोवा में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। इनके पिता खेतीबाड़ी का काम करते हैं।

# प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित हो - अतिरिक्त उपायुक्त

**करनाल।** निर्वाचन क्षेत्र 19-नीलोखेड़ी के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गई है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा द हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित की जाए। वे वीरवार को नीलोखेड़ी क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लगभग एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सरकारी भवनों की दीवारों से राजनीतिक विज्ञापनों को हटवाया तथा मतदान केंद्रों में रैम्प, पीने का पानी, बिजली व सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार चुनाव संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करें।




किसी भी ढंग से आदर्श चुनाव संहिता की उल्लंघना ना करें अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोकतंत्र के इस महापर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान की पर दीवार-लेखन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है।

इसी प्रकार से सार्वजनिक संपत्ति और सार्वजनिक स्थान पर जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसों, बिजली/टेलीफोन के खंभे, नगरपालिका/स्थानीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सचिवालय, आंगनवाड़ी केंद्र, आयुष, स्वास्थ्य विभाग व पशुपालन विभाग की डिस्पेंसरी के भवनों पर प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। इसके साथ-साथ यदि ऐसा कोई करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। वहीं कोई भी राजनीतिक दल मकान या प्रतिष्ठान के मालिक की इजाजत के बिना उस पर अपनी प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता।

**विभागाध्यक्ष डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें - सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी**

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की सख्त से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वे अपने-अपने कार्यालय परिसर में डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें। सरकारी/अर्द्ध सरकारी संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई राजनीतिक संदेश/होर्डिंग/पोस्टर/वॉल पेंटिंग नहीं लगी होनी चाहिए। यदि ऐसा पाया जाता है तो यह हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट 1989 और संशोधित अधिनियम 1996 के अंतर्गत उल्लंघन माना जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

# खालसा कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने सभी गतिविधियों में बढ चढकर भाग लिया। इस अवसर पर पिपली अनाज मंडी आढती संघ के प्रधान राजीव गोयल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य एवं निर्माण करता है। युवा शक्ति ही देश के विकास में सबसे अधिक योगदान देता है। इसलिए युवा सही दिशा में जाकर राष्ट्र को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर करे। उन्होंने कहा कि युवा अपनी एनर्जी का प्रयोग देश एवं समाज के लिए करें। कॉलेज प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने कहा कि कॉलेज के खिलाडियों ने अनेक पुरस्कार जीते हैं और कॉलेज के विभिन्न छात्र-छात्राएं कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कके खेल क माध्यम से विभिन्न सरकारी पदोंपर कार्यरत हैं।



उन्हांने बताया कि कॉलेज ने न कवल राष्ट्रीय अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में सक्रिय भागीदारी की है। खेल विभाग के इंचार्ज डा. देवी भूषण ने इस प्रतियोगिता के सभी प्रबंध किए और मंच क संचालन किया। डीपी वजीर सिंह और सुभाष कोच ने इनका सहयोग यिा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रिंसिपल स. सुखविंदर सिंह सेही ने विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं खालसा कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं अेर मुख्य अतिथि राजीव गोयल भी खालसा कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं। डा. कृष्ण अरोड़ा और बीर सिंहने कमेंट्री के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। खेल प्रतियोगिता में आशु को सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट तथा रीटा ने सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार जीता। मुख्य अतिथि ने दोनों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 100 मीटर रेस में अमन ने पहला, आशु ने दूसरा तथा सन्नी ने दूसरा तथा सिमरनजीतर कौर ने तीसरा पुरस्कार जीता। लंबी कूद महिला में मोना ने पहला, पायल ने दूसरा तथा सिमरन ने तीसरा पुरस्कार जीता। इस अवसर पर डा. रामपाल सिंह, प्रो. शशि मदान, प्रो. प्रीति, प्रो. अंजू चौधरी, प्रो. अजय एवं प्रो. प्रदीप मौजूद रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सफल आयोजन के लिए प्राचार्य, स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी।

# पगडंडी में तब्दील हुई गांव कैलरम से बात्ता जाने वाली सड़क



**कलायत।** ओवरलोड डंपरों के कारण गांव कैलरम से बात्ता जाने वाली सड़क कचे रास्ते में तब्दील हो गई है। गांव के नजदीक तो सड़क का वजूद ही खत्म हो गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव कैलरम निवासी पाला राम, सुरेश कुमार, रमेश, ईश्वर, राजू, अजय कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे निर्माण के दौरान ग्रामीण सड़क पर मिट्टी से भरे ओवरलोड डंपरों का आवागमन बहुत यादा बढ़ गया है, जिसके कारण क्षेत्र की करीब-करीब सभी सड़क बिल्कुल जर्जर हो चुकी हैं। सबसे यादा खराब हालत तो गांव कैलरम से बात्ता जाने वाली सड़क की है, जो बिल्कुल पगडंडी में तब्दील हो गई है। लंबे समय से जर्जर हुई सड़क की रिपेयर न होने के कारण ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग अधिकारियों से जर्जर सड़क की जल्द से जल्द रिपेयर करवाए जाने व ओवरलोड डंपरों पर रोक लगाने की मांग की है। लोक निर्माण विभाग एसडीओ वीरेंद्र वर्मा व जेई संजीव कुमार ने बताया कि गांव कैलरम से बात्ता जाने वाली सड़क की रिपेयर हेतु टेंडर प्रक्रिया जारी है। चुनाव अचार संहिता खत्म होते ही सड़क निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

# विश्व वन दिवस - जेआरसी और ब्रिगेड द्वारा वन संरक्षण अभियान

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विश्व वन दिवस के अवसर पर जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड एवम स्काउट्स गाइड्स द्वारा वन संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेआरसी और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विभिन्न कार्यक्रम वनों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं। पेड़ वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर वृक्षारोपण अभियानों जैसे वनों और पेड़ों से जुड़ी स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों को आयोजित करने के प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 32 मिलियन एकड़ से भी अधिक वन नष्ट हो जाते हैं जो सामान्य रूप से इंग्लैंड के आकार का क्षेत्र है। जैसे वन जाते हैं वैसे ही पौधे और पशु प्रजातियां भी जाती हैं जिन्हें वे गले लगाते है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वन जलवायु परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वनों की कटाई का परिणाम दुनिया के कार्बन उत्सर्जन का 12 से 18 प्रतिशत होता है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि स्वस्थ वन दुनिया के प्राथमिक कार्बन सिंक में से एक हैं। आज वन विश्व की तीस प्रतिशत से अधिक भूमि को कवर करते हैं और 60000 से अधिक वृक्ष प्रजातियों को सम्मिलित करते हैं, जिनमें से कई अभी तक अज्ञात हैं। वन विश्व के सब से अत्यधिक निर्धन व्यक्तियों के लिए भोजन, फाइबर, पानी और दवाएं प्रदान करते हैं जिनमें अद्वितीय संस्कृति वाले स्वदेशी लोग भी सम्मिलित हैं। विद्यालय में छात्र छात्राओं ने वन क्षेत्र बढ़ाने और समय समय पर विभिन्न अवसरों पर पेड़ लगाने, पेड़ों का अपनी संतान के समान पोषण करने एवम सभी जनों को जागरूक करते हुए परिवार में आने वाले प्रत्येक शुभ अवसर पर पौधरोपण करने की




प्रार्थना की। हमें पौधरोपण न केवल अपनी आवश्यकताओं को आपूर्ति के लिए बल्कि आने वाली संतानों और संतति के लिए भी करना होगा तथा यह भी सुनिश्चित करना होगा की ये पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो तथा वन क्षेत्र में वृद्धि करें। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने जागरूकता कार्यक्रम के लिए सम्मिलित हुए सभी जेआरसी एवम ब्रिगेड सदस्य छात्र छात्राओं का और विशेष रूप से प्राध्यापिका गीता का विशेष आभार व्यक्त किया तथा वन संरक्षण के लिए स्लोगन लिख कर एवं पेंटिंग बनाने वाले विद्यार्थियों, रसायन शास्त्र प्रवक्ता पवन, राहुल रोहिल्ला और संजीव का आभार व्यक्त किया।

# वेट लिफ्टिंग की नेशनल चैम्पियन का न्यौली में हुआ जोरदार स्वागत

**हिसार।** आल इंडिया सिविल सर्विसेज के गेम में वेटलिफ्टिंग में 71 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीतने वाली मंजू सिंहमार का बुधवार देर रात न्योली कलां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने वेट लिफ्टिंग चैम्पियन को फूलों एवं नोटों की मालाओं से लाद दिया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग में एनिमल अटेंडेंट के पद सेवारत मंजू सिंहमार ने अपने आयु वर्ग में 110 किलोग्राम वजन उठा कर स्वर्ण पदक जीता है। मंजू ने यह पदक दिल्ली में चल रहे आल इंडिया सिविल सर्विसेज के गेम के तीसरे दिन जीता है। यह प्रतियोगिता 18 से 22 मार्च तक चलेगी। मंजू सिंहमार ने तमाम अभावों व सुविधाओं की कमी के बावजूद भी गांव में ही एथलेटिक्स कोच दीपक कुमार की निगरानी में कड़ा अभ्यास करते हुए यह मुकाम पाया है। इस दौरान बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा कि मंजू के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों में नए हौसले का संचार होगा। जिससे प्रेरित होकर वो अपने-अपने मनपसंद खेलों में बड़ा मुकाम हासिल कर सकेगी। उन्होंने इस अवसर पर मंजू सिंहमार को यूथ आइकॉन अवार्ड देने उनका पूरा परिवार व ग्रामीण बेहद खुश हैं। उनके पिता धनीराम व माता कमलेश का कहना है कि उनकी बेटी ने उनका नाम रोशन कर



की भी घोषणा की। यह अवार्ड मंजू देवी को 10 अप्रैल को लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। ध्यान हो कि आल इंडिया सिविल सर्विसेज गेम में सभी रायों व केंद्र शासित रायों की टीमों ने हिस्सा लिया था।

**पूरी हो गई तपस्या**

मंजू सिंहमार की उपलब्धि से दिया। मंजू सिंहमार अपने पांच भाई बहनों में से तीसरे नंबर पर आती है। मंजू के अलावा उनकी तीन बहने एवं एक भाई है। मंजू के पिता का शुरु से ही सपना था कि उनकी बेटियां उनका नाम रोशन करे। उसकी मां गृहणी है, जबकि उनके पिता एक प्राईवेट फर्म में जॉब करके अपने परिवार का गुजारा करते आ रहे हैं।

# आज के विद्यार्थी भविष्य के कर्णधार : शिवरतन गुप्ता




**भिवानी**-उपरोक्त शब्द वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल सी. सै. स्कूल भिवानी के अध्यक्ष श्री शिवरतन जी गुप्ता ने विद्यालय के प्राइमरी विभाग के वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह के अवसर पर अभिभावकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि यहाँ से शिक्षित होने वाले विद्यार्थी भिवानी जिले में ही नहीं वरन् हरियाणा, देश व विदेशों मे भी अपना परचम लहरा रहें हैं। उल्लेखनीय है कि आज दिनाक 21/03/2024 को भिवानी के स्थानीय वैश्य मॉडल स्कूल के प्राइमरी विभाग का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्री शिवरतन गुप्ता (अध्यक्ष),श्री घनश्याम दास सर्राफ (उपाध्यक्ष), डा0 पवन कुमार बुवानीवाला (महासचिव), विजय किशन अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), बृजलाल सर्राफ (ट्रस्टी), सुन्दर लाल अग्रवाल (पूर्व कोषाध्यक्ष) ने शिरकत की।

विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने बचों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बचों ने बहुत अछे तरीके से समाज में फैली कुरीतियों पर प्रकाश डाला। घनश्याम जी सर्राफ ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी विद्यार्थियों का रैंक बराबर है। शिक्षित बचे देश के विकास में सहायक है। उन्होंने स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। महासचिव डा0 पवन बुवानी वाला ने अपने संबोधन में मन के उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि वैश्य मॉडल स्कूल के विद्यार्थी अपने सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में बहुत अछा प्रर्दशन कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी धन्यवाद किया। विजय किशन अग्रवाल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के लिए बेहतर आधार और नींव की जरूरत होती है जो वैश्य मॉडल स्कूल बखूबी प्रदान कर रहा है। बृजलाल सर्राफ ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थी शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारवान भी होने चाहिए। विद्यार्थी हमारा भविष्य हैं जो देश की तरक्की में सहायक हैं। विद्यालय प्रधानाचार्या कमला गुरेजा ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों व शिक्षकवृंद की कार्य-शैली की भूरि-भूरि प्रशंसा की और विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति का आभार जताया। मंच संचालन का कार्य चतुर्थ व पंचम कक्षा के कार्तिक, खुशबू, यशु व मायरा ने अपनी अध्यापिकाओं श्रीमती कीर्ति और नवीता के मार्गदर्शन में बखूबी निभाया।

# पत्रकारों के होली मिलन समारोह में सांसद संजय भाटिया और मेयर रेणूबाला गुप्ता झूम कर नाचे

**करनाल।** हरियाणा पत्रकार संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सांसद संजय भाटिया, मेयर रेणुबाला गुप्ता, पत्रकार, विभिन्न दलों के नेता एवं समाजसेवी पत्रकारों के संग झूम कर नाचे। समा ऐसा बंधा कि सभी देखते रह गए। जाट धर्मशाला में आयोजित समारोह में लोगो ने कहा कि यह समारोह वास्तव में होली मिलन के समारोह की भावना को सार्थ कर रहा था। यह पहला अवसर था जब विभिन्न दलों के नेताओं ने एक मंच पर उपस्थित होकर एक-दूसरे को होली की मुबारकबाद दी और सभी के सुन्दर भविष्य की कामना की। समारोह में लगभग 180 से अधिक पत्रकारों ने भाग लिया। पत्रकार संगठनों में यह उपस्थिति बहुत बड़ी थी और इसमें अनेक वरिष्ठ एवं वृद्ध पत्रकारों ने भाग लिया और एक दूसरे को गुलाल लगाया। होली के गीतों के बीच सभी ने एक-दूसरे पर फूल बरसाए और सभी ने जम कर होली का नृत्य किया। समारोह में मुख्यातिथि करनाल के सांसद संजय भाटिया, करनाल की मेयर रेणुबाला गुप्ता और जिला परिषद के अध्यक्ष सोहन सिंह राणा ने भाग लिया। समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, असंध के विधायक शमशेर सिंह गोगी, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विरेन्द्र राठौर, पूर्व विधायक राकेश काम्बोज, नरेन्द्र सांगवान, जिले



राम शर्मा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, जजपा के प्रतिनिधि अमन शर्मा, करनाल जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप चौधरी और उनकी टीम तथा वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल गुप्ता सहित कई गणमाण्य व्यक्ति मौजूद थे। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र गांधी, वरिष्ठ संवाददाता परवीन अरोड़ा, संवाददाता भव्य नागपाल, संवाददाता भव्या नारंग, ब्यूरो चीफ पवन शर्मा, ब्यूरो चीफ देव शर्मा, दीपक काम्बोज, केसी आर्य, कमलजीत सिंह, रत्ना तलवार, संवाददाता ईशिका ठाकुर, अनिल भारद्वाज, गगन तलवार, यूट्यब चैनल के इन्द्रजीत वर्मा, असंध के वरिष्ठ पत्रकार एस.एस. बावा, हरीश मदान, गुलशन मोगिया, दिलबाग सिंह, घरौंडा से हरि कृष्ण आर्य, दिलबाग सिंह, नीलोखेड़ी से शिव कपूर, सतीश जोशी, पवन वर्मा, प्रदीप मैहता, राजेन्द्र शर्मा, इन्द्री से विजय काम्बोज, सुरेश अनेजा, मेन पाल, जयपाल बंसल समारोह में भाग लेने वालों में प्रमुख थे।

# अवतार सिंह तूर का रेवाड़ी से पटियाला स्थानांतरण

**रेवाड़ी।** आरपीएफ रेवाड़ी से सहायक सुरक्षा आयुक्त अवतार सिंह तूर का रेवाड़ी से पटियाला स्थानांतरण होने पर आरपीएफ स्टाफ ने कार्यक्रम का आयोजन रेलवे सीएमओ केशव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।इस अवसर पर एएससी अवतार सिंह ने कहा कि सरकारी सर्विस में स्थानांतरित होकर एक नई जगह जाना सिस्टम में निश्चित रहता है कोई भी अधिकारी व कर्मचारी नई जगह पर पोस्टिंग होने पर पहले से बेहतर कार्य करके विभाग से प्रमोशन का पात्र बनता है।उनके सर्वश्रेष्ठ कार्य ही विभागीय उपलब्धि हासिल करवाता है।कार्यक्रम में रेवाड़ी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार,अलवर इंस्पेक्टर नीतू बैरागी ,जीआरपी एसएचओ भूपेंद्र सिंह व उपस्थित सभी कर्मचारियों सहित आरपीएफ मित्र रमेश वशिष्ठ ने स्थान्तरित होकर जाने वाले एएससी अवतार सिंह का माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।कार्यक्रम आरपीएफ इंस्पेक्टर रेवाड़ी,अलवर व जीआरपी एसएचओ ने कहा कि एएससी साहब के दिशानिर्देशन में रेवाड़ी स्टेशन से क्राइम को कम करने में सफलता मिली है।इस अवसर ने एएससी अवतार सिंह उपस्थित स्टाफ को कहा कि नए एएससी साहाब के आने पर पहले की भांति सहयोग करते हुए रेवाड़ी स्टेशन को अपराध मुक्त रखना है उन्होंने बताया कि 3वर्ष 1महीने के कार्यकाल में रेवाड़ी स्टेशन क्षेत्र से जितनी भी चोरी हुई उनकी आरपीएफ टीम व जीआरपी के सहयोग से वह सभी ट्रेस कर ली गई थी।जो पूरे स्टाफ के सहयोग के बिना सम्भव नही थी।उनके कार्याकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि नई बैरिक का निर्माण व ग्राउंड की स्थिति को स्टाफ के सहयोग से बेहतर बनाना रहा। उन्होंने आरपीएफ रमेश वशिष्ठ के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इनके सहयोग से बैरिक ग्राउंड में पौधारोपण ,15अगस्त पर विशाल रक्तदान शिविर व 2अक्टूबर को स्वछता अभियान का आयोजन मेरे कार्यकाल की विशेष उपलब्धि के रूप में यादगार रहेगा।ये हमारे साथ लगभग 12-13वर्षो से निस्वार्थ सेवा भाव से आरपीएफ मित्र के रूप जुड़े हुए है।उन्होंने अपने अधीनस्थ ड्यूटी कर रहे आरपीएफ इंस्पेक्टर रेवाड़ी प्रदीप कुमार, अलवर इंस्पेक्टर नीतू बैरागी व अन्य जवानों के कार्यो के विशेष रूप से प्रशंसा की।

# कपास में गुलाबी सुंडी के बढ़ता प्रकोप पर ठोस कदम उठाने से होगा समाधानः कुलपति कम्बोज

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा है कि देश के उत्तरी क्षेत्र में लगातार गुलाबी सुंडी का बढ़ता प्रकोप किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के लिए चिंता का विषय है। इसके समाधान के लिए हमें सामूहिक रूप से एकजुट होकर ठोस कदम उठाने होंगे ताकि किसान को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकें। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज गुरुवार को विश्वविद्यालय में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के कृषि क्षेत्र से जुड़े वैज्ञानिक, अधिकारी व निजी बीज कंपनी के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। इस सेमिनार में कपास उगाने वाले 10 जिलों के किसान प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। कुलपति ने कहा कि पिछले वर्ष गुलाबी सुंडी का प्रकोप ज्यादा रहा था, जिसके नियंत्रण के लिए अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग किया गया जो चिंता का विषय है। इस कीट के नियंत्रण के लिए जैविक कीटनाशक एवं अन्य कीट प्रबंधन के उपायों को खोजना होगा तथा हितधारकों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे, तभी किसान को बचाया जा सकता है।

**गुलाबी सुंडी के नियंत्रण व प्रबंधन के लिए दिए महत्वपूर्ण सुझाव**

बैठक में विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने विश्वविद्यालय के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से गुलाबी सुंडी के प्रबंधन के लिए किए गए कार्यो की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया, जबकि परियोजना निदेशक डॉ. एसके धनखड़ ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बैठक में मंच संचालन सहायक निदेशक पौध सरंक्षण डॉ. एसएस यादव ने किया।

कपास अनुभाग के प्रभारी डॉ. करमल सिंह ने वर्ष 2023 में हरियाणा प्रांत में नरमा फसल में गुलाबी सुंडी के प्रकोप की स्थिति के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सतनाम सिंह एवं राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार ने अपने-अपने प्रांत में कपास की स्थिति एवं गुलाबी सुंडी के प्रकोप की जानकारी दी।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा के संयुक्त निदेशक (कपास) आरपी सिहाग ने विभाग द्वारा की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। भारत सरकार के क्षेत्रीय कपास अनुसंधान केंद्र, सिरसा के निदेशक डॉ. ऋषि कुमार ने उत्तर भारत में कपास की समस्याओं व उनके प्रबंधन को लेकर चर्चा की।

# एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**करनाल।** स्थानीय पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव मनाया जा रहा है। फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को लाइटों और श्याम बाबा को फूलों से सजाया गया। सुबह के समय घनश्याम गुप्ता, सुनील गुप्ता व मुख्य सेवक एवं प्रधान देशराज गुप्ता व अन्य सहयोगियों ने निशान पूजा कर निशान यात्रा आरंभ की। मंदिर में सारा दिन भक्तों का तांता लगा रहा। सांय के समय सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री वर्मा व हिमांशु सिंगला ने देर रात तक बाबा का गुणगान किया। एकादशी पर बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक भक्तजनों ने श्याम बाबा के दर्शन करके सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक एवं प्रधान देशराज गुप्ता ने बताया कि पंचांग के अनुसार



एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित है। फाल्गुन माह में मनाई जाने वाली इस एकादशी को आमलकी और रंगभरी एकादशी के रूप में जाना जाता है। इस एकादशी का महत्व इसलिए भी है। क्योंकि इस दिन भगवान शिव माता पार्वती से विवाह के उपरांत पहली बार अपनी प्रिय नगरी काशी में आए थे। इस दिन एकादशी का व्रत रखकर भक्तजन अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। इस अवसर पर प्रधान देशराज गुप्ता, अनिल कुमार गर्ग, रामकरण गोयल, एम.पी गुप्ता, विनोद गोयल, आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, पवन, पवन गोयल व अमित गर्ग सहित आदि उपस्थित रहे।